C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 306 | बिजौलिया - शुक्रवार, 15 मई ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

## नशे के खिलाफ भीलवाड़ा एएनटीएफ का बड़ा एक्शन,45 किलो डोडा चूरा के साथ ब्रेजा कार जब्त, टायर फटने से डिवाइडर से टकराई कार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

**पुनित चपलोत**

प्रदेश में नशे के सौदागरों के खिलाफ एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) का अभियान लगातार तेज होता जा रहा है।इसी कड़ी में भीलवाड़ा एएनटीएफ टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 45 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा बरामद कर एक ब्रेजा कार जब्त की है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने फिल्मी अंदाज में करीब 5 किलोमीटर पीछा कर आरोपी तस्कर को धर दबोचा।



एएनटीएफ महानिरीक्षक पुलिस विकास कुमार ने बताया कि अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस दिनेश एम.एन. के निर्देशन तथा उप महानिरीक्षक अभिजीत सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अमित जैन के नेतृत्व में नशा तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।

सूचना मिली थी कि बेंगू-चितौड़गढ़ की तरफ से एक सफेद ब्रेजा कार में अवैध मादक पदार्थ भरकर जोधपुर ले जाया जा रहा है। सूचना की तस्दीक के बाद एएनटीएफ टीम ने मांडल थाना क्षेत्र के एनएच-79 स्थित भदालीखेड़ा में सादा वेश में नाकाबंदी की।

नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध ब्रेजा कार को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन चालक ने कार तेज गति से भगाते हुए नाकाबंदी तोड़ दी। टीम ने कार को रोकने के लिए स्टॉप स्टिक भी डाली, मगर आरोपी नहीं रुका। इसके बाद पुलिस ने करीब 5 किलोमीटर तक पीछा किया। इसी दौरान कार का टायर फट गया और चालक संतुलन खो बैठा, जिससे कार डिवाइडर पर चढ़ गई।

टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया और मांडल पुलिस को सूचना दी। तलाशी में कार से 45 किलो अवैध डोडा चूरा बरामद हुआ। पुलिस ने ब्रेजा कार को जब्त कर आरोपी विकास पुत्र थानाराम विश्नोई (24) निवासी डोली, थाना कल्याणपुर, जिला बालोतरा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## क्लिनिक पर दवा लेने के बहाने महिला की चैन झपटी, तीन आरोपी गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

**पुनित चपलोत** । प्रतापनगर थाना पुलिस और डीएसटी टीम ने चैन स्नैचिंग की वारदात का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामले में मुख्य आरोपी संजू जाट, चांदमल जाट और रमेश चन्द्र गाडरी को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू की है। पुलिस ने बताया की 10 मई को कृष्णा विहार निवासी दमयंती सोलंकी शिव स्वास्थ्य क्लिनिक पर मौजूद थीं। इसी दौरान बाइक पर आए दो युवकों में से एक दवा लेने के बहाने क्लिनिक में पहुंचा। उसने विक्स मांगने के दौरान मौका देखकर महिला के गले से करीब 35 ग्राम सोने की चैन झपट ली और साथी के साथ बाइक पर फरार हो गया। घटना के बाद महिला ने शोर मचाया, लेकिन आरोपी मौके से भाग निकले।

मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देश पर प्रतापनगर थाना और डीएसटी की विशेष टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी साक्ष्य और आसूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें डिटेन किया। बाद में तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी रमेश गाडरी आदतन चैन स्नैचर है और युवकों को अपने साथ रखकर वारदात करवाता था। वह राजसमंद जिले के कुंवारिया थाने का हिस्ट्रीशीटर भी बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले में अन्य वारदातों को लेकर भी पूछताछ कर रही है।

## अवैध बजरी खनन मामले में 15 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार


भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

सुभाषनगर थाना पुलिस ने अवैध बजरी खनन एवं परिवहन के मामले में फरार चल रहे 15 हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी मांगीलाल जाट लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बाहर था। पुलिस ने थानाधिकारी कैलाश कुमार विश्नोई के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर कार्रवाई को अंजाम दिया। टीम ने लगातार निगरानी और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपी मांगीलाल पुत्र नारायण जाट निवासी आरजिया जाटों का खेड़ा, थाना मांडल को डिटेन कर गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ सुभाषनगर थाने में अवैध बजरी खनन और परिवहन से जुड़े प्रकरण में मामला दर्ज था। पुलिस के अनुसार आरोपी पर 15 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी के खिलाफ विभिन्न थानों में मारपीट, अवैध खनन, हत्या के प्रयास, अपहरण और आर्म्स एक्ट सहित कई मामले दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस मामले में आगे की जांच

## अवैध संबंधों के शक में पति ने गर्भवती पत्नी को बेरहमी से पीटा, जबरन खिलाई गर्भपात की गोलियां,फर्श पर पड़ा मिला 5 माह का भ्रूण; अस्पताल में मौत





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा / हमीरगढ़ ।

**(पुनित चपलोत/ अनिल डांगी)**

थाना क्षेत्र में इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली वारदात सामने आई है। अवैध संबंधों के शक में एक पति ने अपनी गर्भवती पत्नी के साथ इतनी बेरहमी की कि उसकी मौत हो गई। आरोप है कि पति ने पहले महिला के साथ जमकर मारपीट की, फिर जबरदस्ती गर्भपात की गोलियां खिलाई। घटना के बाद महिला खून से लथपथ हालत में तड़पती मिली, जबकि करीब पांच माह का भ्रूण फर्श पर पड़ा था।

जानकारी के अनुसार मूल रूप से उत्तर प्रदेश और हाल चित्तौड़ रोड़ निवासी गोपी यादव ने बुधवार देर रात अपनी पत्नी रोली देवी (41) के साथ विवाद के बाद मारपीट की। पड़ोसियों के मुताबिक घर से चीख-पुकार की आवाजें आने पर लोग मौके पर पहुंचे तो महिला के शरीर पर एक भी कपड़ा नहीं था और वह गंभीर हालत में बेड पर पड़ी थी। पास ही भ्रूण पड़ा हुआ था। लोगों ने तत्काल महिला को लहूलुहान हालत में महात्मा गांधी अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।मामले की गंभीरता को देखते हुए हर पहलू से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मेडिकल जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सूत्रों के अनुसार, घटना के समय दंपती के चारों बच्चे घर में मौजूद थे। आरोप है कि पति ने महिला के बाल पकड़कर कई बार दीवार पर सिर मारा और बेरहमी से पीटा। बताया जा रहा है कि अवैध संबंधों के शक को लेकर दोनों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था।

अस्पताल के मेडिकल स्टाफ के अनुसार, भ्रूण लगभग पांच माह का था। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई गई है कि भ्रूण को हाथ से खींचकर बाहर निकाला गया या पेट पर अत्यधिक दबाव डालने से गर्भपात हुआ। डॉक्टरों ने यह भी संभावना जताई है कि भ्रूण की नाल को खींचकर अलग किया गया या काटा गया। हालांकि पूरे मामले की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही होगी।

महात्मा गांधी अस्पताल के कार्यवाहक पीएमओ वीरेंद्र सिंह ने बताया कि महिला को अत्यंत गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया था। अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उसकी स्थिति लगातार बिगड़ती गई और तमाम प्रयासों के बावजूद उसे बचाया नहीं जा सका।

सूचना मिलने पर हमीरगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी पति गोपी यादव को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने महिला के शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। मृतका के पीहर पक्ष को सूचना दे दी गई है। परिजनों के आने के बाद पोस्टमार्टम कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## चलती स्कूटी से महिला की सोने की चैन झपटने का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

**पुनीत चपलोत** । शहर के शास्त्रीनगर क्षेत्र में महिला के गले से सोने की चैन झपटने की वारदात का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। कोतवाली और प्रतापनगर थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी दीपक धाकड़ को गिरफ्तार किया। आरोपी ने अपने साथी के साथ मिलकर बिना नंबर की पल्सर मोटरसाइकिल पर वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने बताया कि 3 अप्रैल को जैन ज्योति कॉलोनी निवासी श्वेता जैन ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में बताया कि वह 2 अप्रैल की रात अपनी पुत्री के साथ स्कूटी से शास्त्रीनगर स्थित अपने पीहर गई थीं। वापस लौटते समय रात करीब 8:15 बजे शास्त्रीनगर नाले और डेयरी के बीच पीछे से पल्सर मोटरसाइकिल पर आए दो युवकों ने उनके गले से करीब डेढ़ तोला वजनी सोने की चैन झपट ली और फरार हो गए। महिला ने पीछा करने की कोशिश की, लेकिन आरोपी शास्त्रीनगर चौराहे की ओर भाग निकले। घटना पर कोतवाली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। शहर में लगातार बढ़ रही चोरी और चैन स्नेचिंग की घटनाओं को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देश पर कोतवाली और प्रतापनगर थाने की संयुक्त टीम गठित की गई। संयुक्त टीम ने घटनास्थल से लेकर शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों, दुकानों, रेलवे स्टेशन और अभय कमांड सेंटर के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जांच के दौरान आरोपी की तस्वीर और वीडियो फुटेज प्राप्त हुए, जिन्हें सोशल मीडिया ग्रुपों और स्टेट कंट्रोल रूम के माध्यम से अन्य जिलों में भी भेजा गया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी का रूट चार्ट तैयार किया और मुखबिर की सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान दीपक धाकड़ पुत्र राधेश्याम धाकड़ निवासी नया बापूनगर थाना प्रतापनगर हाल तेजा विहार कॉलोनी प्रतापनगर के रूप में हुई है। पुलिस आरोपी से वारदात में शामिल अन्य साथी और छीनी गई चैन के संबंध में पूछताछ कर रही है।

## कोटा क्षेत्र में बाइक चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, तीन आरोपी गिरफ्तार

### डाबी थाना पुलिस ने पांच चोरी की बाइकें बरामद कीं, न्यायिक अभिरक्षा में भेजे गए आरोपी

भीलवाड़ा फोकस @ बूंदी ।

जिले की डाबी थाना पुलिस ने बाइक चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की पांच मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी कोटा क्षेत्र से बाइक चोरी कर उन्हें अन्य स्थानों पर बेचते थे। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।



जिला पुलिस अधीक्षक अवनीश कुमार शर्मा ने बताया कि संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम और सक्रिय अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय सिंह चंपावत के निर्देशन तथा वृत्ताधिकारी तालेड़ा राजेश टेलर के सुपरविजन में थानाधिकारी हेमराज शर्मा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई थी।

पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दुधी कुड़ी कट पराणा क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियां चल रही हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने क्षेत्र में नाकाबंदी कर एक संदिग्ध बाइक चालक को रोका। जांच के दौरान उसकी मोटरसाइकिल चोरी की निकली। पूछताछ में आरोपी समंदर उर्फ सागर ने अपने साथियों राजेश भील और रमेश मेघवाल के साथ मिलकर कोटा क्षेत्र से बाइक चोरी करने की बात स्वीकार की। आरोपी समंदर उर्फ सागर की निशानदेही पर पुलिस ने उसके दोनों साथियों राजेश भील और रमेश मेघवाल को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से तीन अन्य चोरी की बाइकें बरामद हुईं। इससे पहले समंदर उर्फ सागर के पास से एक बाइक बरामद की जा चुकी थी। इस प्रकार पुलिस ने कुल पांच चोरी की मोटरसाइकिलें जब्त की हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान समंदर उर्फ सागर पुत्र धनराज भील निवासी सिमलिया थाना कनवास जिला कोटा, राजेश पुत्र बाबूलाल भील निवासी गरड़दा थाना नमाना जिला बूंदी तथा रमेश पुत्र प्रभूलाल मेघवाल निवासी बेवड़िया गरड़दा थाना नमाना जिला बूंदी के रूप में हुई है।

## कोटड़ी पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 15 दिन में लूट और चोरी के दो मामलों का खुलासा

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण

**दिनेश पारीक।** थाना प्रभारी महावीर प्रसाद मीणा के नेतृत्व में कोटड़ी पुलिस ने महज 15 दिनों के भीतर लूट और चोरी की दो बड़ी वारदातों का खुलासा कर अपराधियों पर शिकंजा कस दिया है। एक मामले में पुलिस ने 500 किलोमीटर तक पीछा कर आरोपी को मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया, वहीं दूसरे मामले में महिला से चाकू की नोक पर लूट करने वाले बदमाश को दबोचने में सफलता हासिल की। लगातार हो रही कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों में भय का माहौल बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार 17 अप्रैल को हाजीवास निवासी पूशालाल जाट एसबीआई बैंक शाखा कोटड़ी से डेढ़ लाख रुपए निकालकर पुराने बस स्टैंड स्थित मंशा चौराहे पर सब्जी लेने रुके थे। इसी दौरान बाइक पर रखा रुपयों से भरा बैग चोरी हो गया। घटना के बाद थाना प्रभारी महावीर प्रसाद मीणा ने विशेष टीम गठित कर जांच शुरू करवाई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी सुमित सिसोदिया तक पहुंच बनाई और उसे मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले से गिरफ्तार किया।

वहीं दूसरे मामले में जैतपुरा रोड पर खेत से लौट रही कमला देवी को बाइक सवार बदमाशों ने रोक लिया। बदमाशों ने चाकू दिखाकर महिला के कानों में पहने सोने के टॉप्स और गले का मंगलसूत्र लूट लिया। विरोध करने पर महिला के साथ मारपीट और धक्का-मुक्की भी की गई। मामले में पुलिस ने लगातार दबिश देकर वांछित आरोपी भैरूलाल मोग्या को गिरफ्तार किया।

कार्रवाई में सहायक उपनिरीक्षक कैलाश चंद्र, सहायक उपनिरीक्षक उस्मान खां, कांस्टेबल लक्ष्मण, अकबर, मोतीराम एवं अर्जुनराम की भूमिका अहम रही। स्थानीय लोगों का कहना है कि महावीर प्रसाद मीणा के नेतृत्व में पुलिस की सक्रियता बढ़ी है और अपराधियों पर लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है।

C M Y K

# महायज्ञ समापन में धीरज गुर्जर का शक्ति प्रदर्शन, विरोधियों पर साधा निशाना



भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।

खजुरी उप तहसील क्षेत्र स्थित गेला जी की डूंगरी भेरूनाथ मंदिर में आयोजित 21 कुण्डीय महायज्ञ के समापन कार्यक्रम में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर ने शक्ति प्रदर्शन करते हुए विरोधियों पर जमकर निशाना साधा। कार्यक्रम में समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ी तथा जोरदार नारेबाजी के बीच उनका भव्य स्वागत किया गया।

सभा को संबोधित करते हुए धीरज गुर्जर ने कहा कि उनका जनता से रिश्ता केवल राजनीति तक सीमित नहीं, बल्कि भाई और बेटे जैसा है। उन्होंने कहा कि 'धीरज राजनीति में आपकी ढाल भी है और तलवार भी। जब तक धीरज गुर्जर खड़ा है, मेरे आदमियों को कोई परेशान नहीं कर सकता। '

अपने संबोधन में उन्होंने बिना नाम लिए कुछ नेताओं एवं एक सरपंच पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को उन्होंने पहचान दिलाई, वही आज पीठ में छुरा घोंपने का काम कर रहे हैं। साथ ही समर्थकों से ऐसे लोगों के सामाजिक बहिष्कार की अपील करते हुए कहा कि उनके साथ उठना-बैठना एवं कार्यक्रमों में बुलाना बंद कर देना चाहिए।

# अटल जन सेवा शिविर में सुनी गई ग्रामीणों की समस्याएं, अधिकारियों को दिए समाधान के निर्देश

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।

**रमेश गुर्जर।** राज्य सरकार की जनसुनवाई एवं त्वरित समाधान की मंशा के तहत गुरुवार को क्षेत्र में ब्लॉक स्तरीय अटल जन सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पहुंचे जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आमजन की समस्याओं के निराकरण को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शिविर में ग्रामीणों ने विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। प्राप्त मामलों में पंचायतीराज विभाग से संबंधित सर्वाधिक 10 प्रकरण सामने




आए, जबकि राजस्व विभाग के 4, बिजली विभाग के 2 तथा जलदाय एवं चंबल विभाग से जुड़े 2 प्रकरण दर्ज किए गए। इसके अतिरिक्त अन्य समस्याओं पर भी सुनवाई की गई। जिला कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि शिविर में प्राप्त प्रत्येक प्रकरण का नियमानुसार एवं समयबद्ध तरीके से निस्तारण किया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके। कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी अजीत सिंह , तहसीलदार ललित डीडवानिया सहित विभिन्न विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# निःशुल्क नाड़ी परीक्षण शिविर आज,विशेषज्ञ देंगे स्वास्थ्य परामर्श

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के सहयोग से 15 मई को निःशुल्क नाड़ी परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

शिविर में आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. अंकुर द्विवेदी द्वारा नाड़ी परीक्षण के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और आयुर्वेदिक पद्धति के माध्यम से उचित मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है।

शिविर का समय सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक तथा दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक निर्धारित किया गया है।

यह शिविर हनुमान कॉम्प्लेक्स स्थित महेश्वरी पब्लिक स्कूल के सामने, उपवास सर्कल रोड, आजाद नगर में आयोजित होगा। आयोजन आर्ट ऑफ लिविंग टीचर एवं शिविर संयोजक श्यामा चौहान के नेतृत्व में किया जा रहा है। आयोजकों ने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

# मंगरोप पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 58 किलो डोडा चूरा सहित दो तस्कर गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

मंगरोप थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 58 किलो 47 ग्राम अफीम डोडा चूरा बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त ईको कार को भी जब्त कर लिया है। मामले में पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

पुलिस के अनुसार जिला स्पेशल टीम के कांस्टेबल रमेश कुमार ने थाना प्रभारी विजय मीणा को सूचना दी कि एक सफेद रंग की ईको कार चित्तौड़गढ़ से भीलवाड़ा की ओर आने वाले हाईवे पर गुवारड़ी नाला के पास खड़ी है, जिसमें अवैध मादक पदार्थ होने की आशंका है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और कार की तलाशी ली।

तलाशी के दौरान कार में रखे तीन प्लास्टिक पैकेटों से कुल 58 किलो 47 ग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से चालक किशन लाल मीणा (26) निवासी आमलिया थाना भींडर जिला उदयपुर तथा कमलेश रावत (19) निवासी बोरतलाई थाना भींडर जिला उदयपुर को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान उच्च अधिकारियों के निर्देश पर कैलाश चंद्र विश्नोई, थानाधिकारी सुभाष नगर थाना को सौंपा है।

इस कार्रवाई में जिला स्पेशल टीम प्रभारी कन्हैयालाल, थाना मंगरोप के थानाधिकारी विजय मीणा, बाबूलाल, राकेश, धोलाराम, दलीप, सुंदरलाल, रमेश कुमार एवं घीसूलाल की विशेष भूमिका रही।

# चारभुजानाथ मंदिर शिखर पर स्वर्ण कलश स्थापना, महायज्ञ की पूर्णाहुति

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

**सांवर वैष्णव**

क्षेत्र के कंवलियास माफी गांव में आयोजित पंच कुण्डिय श्री विष्णु चण्डी महायज्ञ की पूर्णाहुति गुरुवार को चारभुजानाथ मंदिर शिखर पर स्वर्ण कलश स्थापना एवं महाआरती के साथ हुई। कार्यक्रम में पूरा गांव भक्तिमय माहौल में नजर आया।

आचार्य बलवंत शास्त्री के सानिध्य में पंडित योगेंद्र शर्मा एवं राजू शर्मा ने



वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना करवाई। 43 जोड़ों ने हवन कुंड में आहुतियां दी। सिद्ध बली हनुमान मंदिर भीलवाड़ा के महंत जोगेश्वर दास त्यागी महाराज के सानिध्य में मंदिर शिखर पर स्वर्ण कलश एवं अन्नपूर्णा माताजी मंदिर पर ध्वज दंड की स्थापना की गई।

महायज्ञ की पूर्णाहुति पर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें करीब सात हजार श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। वहीं श्रीमद्भागवत कथा का भी समापन हुआ। कार्यक्रम में कोटड़ी विधायक गोपीचंद मीणा सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# सुरक्षित बचपन-सुरक्षित भविष्य विषय पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित




भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।

**मानव तिवाड़ी।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के अध्यक्ष के निर्देशानुसार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भीलवाड़ा के अध्यक्ष के मार्गदर्शन में तथा तालुका विधिक सेवा समिति बिजोलिया की अध्यक्ष एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट सबा परवीन कागजी के आदेशानुसार गुरुवार को एक्शन प्लान 2025 के तहत विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम मां भारतीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पुरानी टंकी के पास बिजोलिया में आयोजित हुआ। शिविर में महिलाओं के अधिकार, घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना, साइबर अपराध एवं पोक्सो एक्ट से संबंधित महत्वपूर्ण कानूनी जानकारी प्रदान की गई। साथ ही 'सुरक्षित बचपन-सुरक्षित भविष्य' विषय पर छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में पीएलवी राम बाबू माथुर एवं पीएलवी सुनीता नायक ने विभिन्न कानूनी प्रावधानों एवं योजनाओं की जानकारी देते हुए बच्चों एवं महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। वहीं इंटर्न एडवोकेट अनन्या राव ने साइबर अपराधों से बचाव एवं पोक्सो एक्ट के प्रावधानों पर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर संस्थापक कमलेश धाकड़, प्रधानाध्यापक सुगन लाल धाकड़, राजू जाट, हर्षिता चित्तौड़ा, सीमा यादव, सुमन धाकड़ सहित विद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# दोषपूर्ण औषधि बेचने पर कंपनी को 55 हजार रुपए देने के आदेश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग भीलवाड़ा ने एक महत्वपूर्ण फैसले में मेसर्स जीना सीखो लाइफ केयर प्राइवेट लिमिटेड एवं वंशिका एंटरप्राइजेज को परिवादी को 55 हजार रुपए क्षतिपूर्ति राशि अदा करने के आदेश दिए हैं। आयोग ने विपक्षीगण को दो माह के भीतर 50 हजार रुपए क्षतिपूर्ति एवं 5 हजार रुपए परिवाद व्यय व अधिवक्ता शुल्क के रूप में भुगतान करने के निर्देश दिए हैं।

मामले के अनुसार परिवादी अशोक कुमार पेशवानी ने कंपनी के विज्ञापन से प्रभावित होकर 'डॉ. शुद्धि पैकेज' नामक औषधि 4200 रुपए में खरीदी थी। विज्ञापन में दावा किया गया था कि उक्त औषधियों एवं योग-प्राणायाम से स्वास्थ्य लाभ एवं मानसिक शांति प्राप्त होगी। परिवादी ने निर्देशानुसार औषधियों का सेवन किया, लेकिन करीब 10 दिन बाद उन्हें थकावट, बेचैनी और खुजली जैसी समस्याएं होने लगीं।

शिकायत करने पर कंपनी ने इसे शरीर की सुधार प्रक्रिया बताते हुए दवाइयां जारी रखने की सलाह दी। इसके बाद परिवादी की तबीयत और बिगड़ गई तथा फोड़े-फुंसी सहित अन्य गंभीर शारीरिक परेशानियां होने लगीं। बाद में महात्मा गांधी चिकित्सालय भीलवाड़ा में जांच कराने पर चिकित्सकों ने औषधियां तुरंत बंद करने की सलाह दी।

इसके बाद परिवादी ने विपक्षीगण को नोटिस भेजा, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद पेश किया। मामले में परिवादी की ओर से अधिवक्ता पीरू सिंह गौड़ ने पैरवी की।

पीठासीन अधिकारी हरिनारायण सारस्वत एवं सदस्य उमेश वतवानी ने अपने फैसले में माना कि विपक्षीगण द्वारा बेची गई औषधियों से परिवादी के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा, जिससे उसे शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक पीड़ा हुई। आयोग ने आदेश दिया कि निर्धारित अवधि में राशि का भुगतान नहीं करने पर विपक्षीगण को संपूर्ण राशि पर 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी देना होगा।

# नरेगा कार्य बंद, सचिव नदारद... परेशान महिलाओं का शक्करगढ़ पंचायत में फूटा गुस्सा

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़

ग्राम पंचायत शक्करगढ़ में नरेगा कार्य बंद होने और मजदूरी नहीं मिलने से परेशान महिलाओं का गुरुवार को गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में महिलाएं पंचायत भवन पहुंचीं, लेकिन वहां कनिष्ठ लिपिक (नरेगा सचिव) के नहीं मिलने पर नाराज महिलाएं पंचायत के बाहर बैठ गई और विरोध जताया।

महिलाओं ने बताया कि गांव में लंबे समय से नरेगा कार्य बंद पड़े हैं, जिससे मजदूरी नहीं मिल रही और परिवार चलाना मुश्किल हो



रहा है। मजदूरी, जॉब कार्ड और अन्य कार्यों को लेकर वे कई दिनों से पंचायत के चक्कर काट रही हैं, लेकिन जिम्मेदार कर्मचारी समय पर नहीं आने से उनका काम अटका हुआ है।

ग्रामीण महिलाओं ने आरोप लगाया कि बार-बार आने के बावजूद सुनवाई नहीं हो रही, जिससे आर्थिक तंगी के साथ मानसिक परेशानी भी बढ़ती जा रही है।

महिलाओं ने प्रशासन से पंचायत में कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, नरेगा कार्य शुरू कराने और लंबित कार्यों का जल्द समाधान करने की मांग की है।

# गौ सेवा एवं गोशाला विकास के लिए राठौड़ ने दिए 52 हजार रुपए

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।

क्षेत्र की विभिन्न गौशालाओं में गौ सेवा एवं विकास कार्यों के लिए समाजसेवी भरत सिंह राठौड़ ने कुल 52 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की।

जानकारी के अनुसार भरत सिंह राठौड़ बिशनिया गणेश उद्धव गौशाला में विकास हेतु 31 हजार रुपए की सहयोग राशि भेंट की।

इसके अलावा जामोली गौशाला में भी



उन्होंने 21 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की। गौशाला समिति द्वारा उनका स्वागत-सम्मान किया गया।



QUICK BITES

## भागवत कथा में कृष्ण जन्मोत्सव की धूम, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।





जसवंत पारीक

निकटवर्ती गेगा का खेड़ा ग्राम में आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास पंडित सत्यनारायण महाराज ने श्रद्धालुओं को धर्म एवं भक्ति का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि भोग और भगवान में बड़ा अंतर है। भगवान तो केवल सच्ची इच्छा और भक्ति से प्राप्त हो जाते हैं, जबकि भोग, मान-सम्मान, यश और आराम इच्छा मात्र से प्राप्त नहीं होते। यदि समय रहते भगवान का भजन नहीं किया तो अंत समय में पछतावे के अलावा कुछ हाथ नहीं आएगा।

कथा के दौरान महाराज ने एकादशी व्रत का महत्व बताते हुए कहा कि एकादशी के दिन अन्न का दर्शन करना भी दोषकारी माना गया है, इसलिए सभी को यथासंभव एकादशी व्रत अवश्य करना चाहिए। उन्होंने सूर्यवंश में भगवान राम के अवतार एवं सनातन धर्म की रक्षा के लिए स्थापित लोक मर्यादाओं के पालन का संदेश भी दिया। वहीं चंद्रवंश में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया।

कथा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। 'नंद के आनंद भयो' भजन पर श्रद्धालु झूम उठे और पूरा पांडाल भक्तिमय माहौल में डूब गया।

पंडित श्यामलाल शर्मा ने बताया कि यह धार्मिक आयोजन चंद्र प्रकाश पुरोहित के यहां संतान प्राप्ति के उपलक्ष में करवाया जा रहा है।

## शिक्षकों का शक्ति प्रदर्शनः सावर की सड़कों पर गूंजी हक की आवाज, सात सूत्रीय मांगों को लेकर उपखंड कार्यालय का घेराव

भीलवाड़ा फोकस @ सावर




दिलखुश मोटीस

अपनी जायज मांगों और सरकार की नीतियों के विरोध में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (खंड सावर) ने गुरुवार को जोरदार प्रदर्शन करते हुए आंदोलन का बिगुल फूंक दिया। खंड मंत्री मदनलाल मीणा एवं खंड उपाध्यक्ष अनन्त पुरोहित के नेतृत्व में सैकड़ों शिक्षक सावर की सड़कों पर उतरे और उपखंड कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से शुरू हुई रैली कस्बे के प्रमुख मार्गों और चौराहों से होकर निकली। हाथों में तख्तियां और मुंह पर नारे लिए शिक्षकों ने अपनी एकजुटता और नाराजगी का प्रदर्शन किया। उपखंड कार्यालय पहुंचने पर शिक्षकों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ज्ञापन में शिक्षकों ने शिविरा पंचांग में किए जा रहे बदलावों पर गहरा आक्रोश जताते हुए कहा कि ग्रीष्मकालीन अवकाश एवं प्रधानाचार्यों के अधिकृत अवकाश में कटौती किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। इसके अलावा तृतीय श्रेणी शिक्षकों की पिछले छह वर्षों से लंबित पदोन्नति (डीपीसी) प्रक्रिया को तत्काल शुरू करने, तबादलों पर लगे प्रतिबंध को हटाने तथा वर्षों से अपने गृह क्षेत्र जाने की प्रतीक्षा कर रहे शिक्षकों को राहत देने की मांग की गई। महासंघ ने आरजीएचएस व्यवस्था में आवश्यक सुधार, संविदा कर्मियों को नियमित करने, वेतन विसंगतियों का स्थायी समाधान करने तथा क्रमोन्नत विद्यालयों में पद एवं वित्तीय स्वीकृति जारी करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई।

वरिष्ठ अध्यापक प्रतिनिधि लादूलाल मीणा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 'शिक्षक राष्ट्र निर्माता है, लेकिन आज उसे अपने ही अधिकारों के लिए सड़क पर उतरना पड़ रहा है। यदि ग्रीष्मकालीन अवकाश में कटौती का निर्णय वापस नहीं लिया गया और पदोन्नति की बाधाएं दूर नहीं हुईं तो आंदोलन सावर से निकलकर पूरे प्रदेश में फैलाया जाएगा। ' प्रदर्शन में बनवारी लाखोटिया, रामेश्वर प्रसाद चौधरी, अनिल झाकल, राधेगोविंद मंडोवरा, राजेंद्र बलाई, राधामोहन गौड़, भवानी शंकर मीणा, जोरावर सिंह, श्यामसुंदर वैष्णव, शौकीनाराम मीणा, हंसराज गुर्जर, चंचल शर्मा, मैना मीणा, मेनका मीणा, रश्मि गौतम, इंद्रा धोबी, सरिता चावला, शीला वर्मा, समदी मीणा, सुनीता मीणा, कमलेश शर्मा, विकास वर्मा, खेमराज मीणा, राकेश वैष्णव, अभिषेक शर्मा, सतवीर दहिया, सुदर्शन माली, अरबाज खान, जयंत जैन, धनराज मीणा, हेमराज मीणा, बाबूलाल मीणा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# विधायक कोठारी की अनुशंसा से बापूनगर महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय के विकास कार्यों को मिली गति





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा/

शहर के ए-सेक्टर बापू नगर स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय का स्वरूप अब तेजी से बदलता नजर आ रहा है। भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी की अनुशंसा एवं सहयोग से विद्यालय में चल रहे रेनोवेशन कार्य ने गति पकड़ ली है। विद्यालय प्रशासन के सतत प्रयासों के अनुरूप भवन मरम्मत और आधारभूत सुविधाओं के विकास का कार्य प्रगति पर है। विद्यालय प्रशासन के अनुसार 12 मई तक विद्यालय के तीन कमरों की मरम्मत का कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

जर्जर और टूटी छतों की मरम्मत कर उन्हें मजबूत बनाया गया है। गिरती दीवारों को पिलर्स के माध्यम से सपोर्ट देकर मजबूती प्रदान की गई है। वहीं टपकते कमरों एवं बरामदों की छतों की मरम्मत के साथ आवश्यक स्थानों पर चाइना मोजैक भी करवाया गया है। विद्यालय में छात्राओं की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए नवीन शौचालयों का निर्माण कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। यह निर्माण विद्यालय भवन के समीप एवं आगे की ओर कराया जा रहा है, जो शीघ्र ही पूर्ण होने की संभावना है।

इसके अलावा विद्यालय परिसर में वर्षों से नहर रिसाव के कारण जलभराव की समस्या बनी हुई थी, जिससे विद्यालय में प्रवेश तक प्रभावित हो रहा था। अब भराव कार्य के माध्यम से परिसर का लेवल ऊंचा किया जा रहा है। यह कार्य लगातार जारी है और पूर्ण होने के बाद विद्यालय में विद्यार्थियों एवं स्टाफ का आवागमन सुगम हो सकेगा।

विद्यालय प्रशासन ने बताया कि भवन मरम्मत कार्य पूर्ण होने के साथ ही रंग-रोगन का कार्य भी प्रारंभ कर दिया जाएगा, जिससे आगामी शैक्षणिक सत्र में विद्यालय पूर्णतः नए स्वरूप में विद्यार्थियों के लिए तैयार रहेगा।

# शिक्षको की मांगों को लेकर उपखण्ड अधिकारी को सोपा ज्ञापन






भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी

राजेन्द्र बबलू पोखरना

अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (विद्यालय शिक्षा) के बैनर तले गुरुवार को कोटड़ी ब्लॉक के सैकड़ों शिक्षकों ने अपनी लंबित समस्याओं को लेकर उपखण्ड अधिकारी तानिया रिणवा को मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। संघ के कोटड़ी ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश शर्मा, उपाध्यक्ष सोजीराम माली, मंत्री पुष्पेंद्र काबरा , जिला उपसभाध्यक्ष शान्ति लाल पोखरना, महिला मंत्री सवित्रि नामा के संयुक्त नेतृत्व में किया गया। इस दौरान शिक्षकों ने सरकार की कार्यप्रणाली पर रोष व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले दो वर्षों से शिक्षकों की ज्वलंत समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा जिससे प्रदेश के लाखों शिक्षकों में भारी आक्रोश है। ज्ञापन में ग्रीष्मकालीन अवकाश सहित सभी अवकाश यथावत रखे जाएं और शिविरा कैलेंडर में संशोधन हो। तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण एवं लंबित पदोन्नतियां शीघ्र की जाएं। शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों से पूर्णतः मुक्त किया जाए। 2019 से क्रमोन्नत विद्यालयों में पदों की वित्तीय स्वीकृति जारी कर स्टाफिंग पैटर्न लागू हो। RGHS सुविधा को सुचारू रखा जाए और संविदा शिक्षकों का नियमितीकरण करने सहित अनेक मांगो को रखा। ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश शर्मा ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने समय रहते इन मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया तो शिक्षक संगठन प्रदेशव्यापी आंदोलन के लिए विवश होगा। ज्ञापन के दौरान ब्लॉक के बड़ी संख्या में अध्यापक- अध्यापिकाएं उपस्थित थे।

# ग्राम रथ अभियान पहुंचा भभाना, योजनाओं की जानकारी से ग्रामीण हुए जागरूक





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित ग्राम रथ अभियान के तहत गुरुवार को मांडल विधानसभा क्षेत्र के करेड़ा उपखंड स्थित ग्राम भभाना में ग्राम रथ यात्रा पहुंची। रथ के गांव में पहुंचते ही ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया।

एलईडी स्क्रीन से सुसज्जित ग्राम रथ के माध्यम से मुख्यमंत्री की फ्लैगशिप योजनाओं, बजट घोषणाओं एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों पर आधारित लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। साथ ही विभिन्न योजनाओं से संबंधित पम्पलेट वितरित कर ग्रामीणों को जानकारी दी गई।

जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गौतम कुमार दक ने कहा कि सरकार की मंशा है कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहे। उन्होंने सहकारिता, कृषि, पशुपालन, राजीविका, मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पालनहार एवं मुख्यमंत्री कन्यादान योजना सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर लगाकर पात्र लोगों के आवेदन भरवाए जाएं तथा लंबित प्रकरणों का मौके पर निस्तारण किया जाए।

इस अवसर पर उदयलाल भड़ाना ने कहा कि ग्राम रथ अभियान सरकार और आमजन के बीच सेतु का कार्य कर रहा है। इससे ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विभिन्न योजनाओं की जानकारी मिल रही है। उन्होंने युवाओं से स्वरोजगार योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जांच शिविर आयोजित किया गया, जबकि कृषि विभाग ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए। राजस्व विभाग द्वारा नामांतरण संबंधी कार्य भी मौके पर किए गए।

ग्रामीणों ने ग्राम रथ अभियान को सरकार की सराहनीय पहल बताते हुए कहा कि इससे उन्हें घर बैठे योजनाओं की पूरी जानकारी मिल रही है। कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, विकास अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# शिक्षकों ने विभिन्न मांगों को लेकर किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।




अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (विद्यालय शिक्षा) खंड गंगापुर के नेतृत्व में शिक्षकों ने गुरुवार को विभिन्न मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया तथा मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री के नाम उपखंड अधिकारी राजेश कुमार विश्नोई को ज्ञापन सौंपा।

खंड अध्यक्ष बालमुकुंद वैष्णव एवं मंत्री विभुराज सिंह चौहान के नेतृत्व में निकाली गई रैली डाक बंगले से उपखंड कार्यालय पहुंची, जहां शिक्षकों ने नारेबाजी कर विरोध जताया। ज्ञापन में ग्रीष्मावकाश कटौती बंद करने, स्थानांतरण खोलने, लंबित पदोन्नतियां करने, विद्यालयों में पद सृजन, आरजीएचएस सुचारू रखने, वेतन विसंगति दूर करने एवं संविदा शिक्षकों को नियमित करने सहित विभिन्न मांगें उठाई गईं। जिला मीडिया प्रभारी रमेश चंद्र वैष्णव ने चेतावनी दी कि 28 मई तक मांगों पर कार्रवाई नहीं होने पर 29 मई को जिला स्तर पर पुनः आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

# अवकाश छीनने की तैयारी पर भड़के शिक्षक, शाहपुरा में गरजी शिक्षकों की हुंकार

## नौकरशाही के खिलाफ सड़कों पर उतरा शिक्षक वर्ग, चेतावनीक् अब आर-पार की लड़ाई होगी






भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

मूलचन्द पेसवानी

प्रदेशभर में शिक्षकों की उपेक्षा और लंबित मांगों को लेकर गुरुवार को शाहपुरा में शिक्षकों का गुस्सा खुलकर सड़कों पर दिखाई दिया। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (विद्यालय शिक्षा) के बैनर तले सैकड़ों शिक्षक एकजुट होकर शाहपुरा की सड़कों पर उतर आए और सरकार व नौकरशाही के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष महेश कुमार शर्मा और खंड अध्यक्ष अमर सिंह चैहान के नेतृत्व में निकाली गई आक्रोश रैली ने पूरे शहर का माहौल गर्मा दिया।

हाथों में तख्तियां और मांगों से जुड़े बैनर लिए शिक्षकों ने 'शिक्षक विरोधी नीति बंद करो ', 'गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्ति दो' और 'अवकाशों से छेड़छाड़ बंद करो' जैसे नारों से प्रशासनिक गलियारों को गूंजा दिया। रैली के बाद शिक्षक उपखंड कार्यालय पहुंचे, जहां उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर अपनी लंबित मांगों का जल्द समाधान करने की मांग की गई।

महासंघ पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि शिक्षा व्यवस्था को सुधारने के बजाय शिक्षकों पर लगातार अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है। ज्ञापन में ग्रीष्मावकाश सहित समस्त अवकाश यथावत रखने, तृतीय वेतन श्रृंखला सहित सभी संवर्गो के लंबित स्थानांतरण करने, तृतीय श्रेणी शिक्षकों की पदोन्नतियां शीघ्र जारी करने और क्रमोन्नत विद्यालयों में वित्तीय स्वीकृति देकर स्टाफिंग पैटर्न के अनुसार पदस्थापन करने की मांग प्रमुखता से उठाई गई।

इसके अलावा शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करने, आरजीएचएस योजना को सुचारू रखने, वेतन विसंगतियां दूर करने तथा पंचायत सहायक संविदा शिक्षकों को नियमित करने की मांग भी जोरदार तरीके से उठाई गई।

महासंघ नेताओं ने दो टूक चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन अब और उग्र होगा। 29 मई को जिला स्तर पर बड़ा प्रदर्शन, 5 जून को बीकानेर निदेशालय पर संभाग स्तरीय धरना तथा 10 जून को जयपुर संभाग पर विशाल प्रदर्शन किया जाएगा।

प्रदर्शन में संभाग महिला मंत्री इंदिरा धूपिया, जिला कोषाध्यक्ष मुकेश कुमावत, जिला महिला संगठन मंत्री प्रिया सोनी, जिला मीडिया प्रभारी हनुमान प्रसाद शर्मा, पूर्व जिला संगठन मंत्री शिवचरण शर्मा, खंड मंत्री राकेश सोनी, शांति धाबाई, नयन बुला, मोहनलाल कोली, लोकेश धाभाई, अशोक सुथार, सुधीर शर्मा, मनोज सोनी, हरिनिवास खारोल, नवरत्नमल बगड़िया, संजय त्रिपाठी, पंकज सोनगरा, राहुल दाधीच, शिवराज धाकड़, कुलदीप कलाल, हरिओम शर्मा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी में बेजुबानों के लिए फरिश्ता बनी जीव दया सेवा समिति

## शहरभर में लगेंगे हजारों परिंडे, 'परिंडे वाले बाबा' की मुहिम बनी जनआंदोलन

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

मूलचन्द पेसवानी

भीषण गर्मी, तपती धूप और आसमान से बरसती आग के बीच जहां इंसान खुद को बचाने के लिए ठंडी जगह तलाश रहा है, वहीं शाहपुरा में युवाओं की एक टोली बेजुबान पक्षियों और वन्य जीवों की जिंदगी बचाने के मिशन में दिन-रात जुटी हुई है। शहर की अग्रणी संस्था जीव दया सेवा समिति का 'परिंडे लगाओ, बेजुबान पक्षियों को बचाओ' अभियान अब सिर्फ एक सामाजिक पहल नहीं, बल्कि जनआंदोलन का रूप ले चुका है। शहर के प्रमुख चैराहों, धार्मिक स्थलों, सार्वजनिक स्थानों, सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों और मुख्य मार्गों पर इस वर्ष हजारों परिंडे लगाने की तैयारी की जा रही है ताकि भीषण गर्मी में कोई भी पक्षी प्यासा न रहे। सुबह से लेकर देर शाम तक युवाओं की टीम परिंडों में पानी भरने, दाना डालने और उनकी साफ-सफाई की जिम्मेदारी निभा रही है।



अभियान के तहत कोर्ट परिसर के सामने एलआर मार्केट क्षेत्र में परिंडे लगाए गए। इस दौरान व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष लालूराम जागेटिया, पूर्व पालिका अध्यक्ष कन्हैयालाल धाकड़, गीतकार सत्येंद्र मंडेला, पूर्व पार्षद भगवान सिंह यादव, गोपाल घुसर, नरेश व्यास, नवरत्न चैधरी, कवि दिनेश बंटी, जीव दया सेवा समिति संयोजक अतू खां कायमखानी, पूर्व पार्षद डॉ. ईशाक मोहम्मद, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी शंकरलाल जोशी, सुनील शर्मा और प्रहलाद सुथार सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

समिति संयोजक अतू खां कायमखानी ने बताया कि फुलिया गेट के बाहर दरगाह अजीम अली सरकार नूर बाग सहित शहर के कई इलाकों में लगाए गए परिंडों में कौवा, कोयल, गौरैया, टिटहरी, गिलहरी सहित अनेक बेजुबान जीव अपनी प्यास बुझा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस अभियान की शुरुआत वर्षों पहले महज 100 परिंडों से की गई थी, लेकिन आज यह संख्या हजारों तक पहुंच चुकी है।

कायमखानी ने भावुक अंदाज में कहा कि शुरुआत में लोग मजाक उड़ाते थे और कहते थे कि 'ढिबरे बांटते फिर रहे हैं ', लेकिन सेवा का यह कारवां रुकने के बजाय लगातार बढ़ता गया। आज गांव-गांव और शहर-शहर में 'परिंडे लगाओ, बेजुबान पक्षियों को बचाओ' का संदेश गूंज रहा है। अफसरों से लेकर मजदूरों तक और हर वर्ग के लोग इस मुहिम से जुड़ चुके हैं। लोगों ने प्यार से अतू खां कायमखानी को अब 'परिंडे वाले बाबा महाराज' कहना शुरू कर दिया है।

जीव दया सेवा समिति पिछले करीब 20 वर्षों से जीव दया, पर्यावरण संरक्षण और वन्य जीव सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही है। समिति अब तक सैकड़ों घायल और बीमार वन्य जीवों तथा बेजुबान पशुओं का रेस्क्यू कर उनका उपचार करवा चुकी है। मोर, हिरण, खरगोश, साइबेरियन सारस, नीलगाय और प्रवासी पक्षियों सहित कई वन्य जीवों को सुरक्षित आश्रय और नया जीवन देने में समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

समिति को समय-समय पर राज्य सरकार, जिला प्रशासन और तहसील स्तर पर उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित भी किया जा चुका है। प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों, सभी धर्मों के धर्मगुरुओं और आम नागरिकों का भी समिति को लगातार सहयोग और आशीर्वाद मिलता रहा है।

जीव दया सेवा समिति केवल परिंडे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी लगातार सक्रिय है। हर वर्ष वृक्षारोपण, पौधों की देखरेख, कुओं-तालाबों और बावड़ियों की सफाई, जल स्रोतों से अतिक्रमण हटवाने, पशुओं के लिए चारा-पानी की व्यवस्था तथा जरूरतमंद लोगों की सहायता जैसे अनेक सामाजिक कार्य किए जाते हैं। संयोजक अतू खां कायमखानी ने कहा कि यह सेवा कार्य अब उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। हर सुबह एक नया लक्ष्य लेकर निकलते हैं और यही कोशिश रहती है कि कोई भी बेजुबान जीव भूखा-प्यासा न रहे। गुरुजनों, समाज और मित्रों के आशीर्वाद से सेवा का यह कारवां लगातार आगे बढ़ रहा है। भीषण गर्मी के इस दौर में शाहपुरा की जीव दया सेवा समिति मानवता, सेवा और पर्यावरण संरक्षण का ऐसा संदेश दे रही है, जो समाज के लिए प्रेरणा बनता जा रहा है। युवाओं की यह टोली साबित कर रही है कि यदि संवेदनाएं जिंदा हों तो बेजुबानों की जिंदगी भी मुस्कुराने लगती है।

# सीएमएचओ डॉ. संजीव शर्मा ने बनेड़ा ब्लॉक कार्यालय एवं सीएचसी का किया औचक निरीक्षण, स्वास्थ्य व्यवस्थाओं और योजनाओं की ली विस्तृत समीक्षा

भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा

परमेश्वर

डॉ. संजीव शर्मा ने गुरुवार को बनेड़ा स्थित ब्लॉक कार्यालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनेड़ा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, अस्पताल की व्यवस्थाओं तथा राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का विस्तृत जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ ने अस्पताल परिसर और ब्लॉक कार्यालय में साफ-सफाई व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि परिसर की स्वच्छता, मरीजों की सुविधा तथा संक्रमण नियंत्रण के मानकों का पूरी गंभीरता से पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की आधारशिला है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए।



प्रदेश में बढ़ती गर्मी और हीट वेव की स्थिति को देखते हुए डॉ. शर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आरक्षित बेडों, आवश्यक दवाओं, पेयजल, पंखों तथा अन्य जरूरी सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि हीट स्ट्रोक या गर्मी से प्रभावित मरीजों को तत्काल उपचार उपलब्ध कराया जाए तथा सभी आवश्यक संसाधन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहें।

निरीक्षण के दौरान सरकार द्वारा संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। सीएमएचओ ने एचपीवी वैक्सीन की उपलब्धता एवं उपलब्धि की जांच करते हुए टीकाकरण कार्य को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। साथ ही मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना के अंतर्गत मरीजों को निःशुल्क दवाओं की उपलब्धता तथा मुख्यमंत्री निःशुल्क जांच योजना के तहत आवश्यक जांच सेवाओं की स्थिति का भी विस्तृत रिव्यू किया गया। डॉ. शर्मा ने अधिकारियों से कहा कि राज्य सरकार की सभी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समय पर पहुंचना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने रिकॉर्ड संधारण, दवा उपलब्धता, जांच सेवाओं की गुणवत्ता तथा मरीजों की संतुष्टि पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही स्वास्थ्यकर्मियों को जिम्मेदारी एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की सलाह दी। निरीक्षण के दौरान डॉ. बनवारी लाल यादव, विनय पाराशर सहित स्वास्थ्य विभाग के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

### मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज का निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन 11 फरवरी को होगा आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।




श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज द्वारा निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन आगामी 11 फरवरी 2027 को रायपुर तहसील के देवरिया ग्राम में किया जाएगा। सम्मेलन में 11 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न कराने का निर्णय लिया गया है।

समाज के कोषाध्यक्ष शंभुदयाल कड़ेल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन स्वर्गीय धनराज जी डसानिया की स्मृति में उनके सुपुत्र राजमल-सावित्री देवी, भरत-सोनू देवी एवं कमलेश-शिवानी के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में वर-वधु पक्ष से किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि सम्मेलन की तैयारियों एवं सफल आयोजन को लेकर आगामी 17 जून रविवार को ग्राम देवरिया में तहसील एवं जिला स्तर के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में सम्मेलन की रूपरेखा, व्यवस्थाओं एवं समाज की भागीदारी को लेकर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

### तस्वारिया बासा में भोर तक जमी भजन संध्या तेजाजी सवार लीलन घोड़ी व पेमल की हुई मूर्ति स्थापना

भीलवाड़ा फोकस @ फूलियाकलां



( प्रकाश तोषनीवाल )

तस्वारिया बासा में सत्यवादी श्री वीर तेजाजी महाराज मंदिर प्रांगण में लीलन घोड़ी वह पेमल की मूर्तियों की स्थापना प्राण प्रतिष्ठा के साथ की गई । इस पावन अवसर पर भव्य शोभायात्रा और 'एक शाम सत्यवादी वीर तेजाजी के नाम' विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने उमड़कर भाग लिया। भजन सम्राट तुलसाराम भनगावा जोधपुर, लिखमाराम अमरपुरा ने तेजाजी महाराज के भजन प्रस्तुत किए। डांसर कल्पित चौधरी एवं मिस सिमरन ने अपने नृत्य की प्रस्तुति से श्रोताओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम आयोजन श्री वीर तेजाजी महाराज मेला एवं विकास समिति व समस्त ग्रामवासियो के सहयोग से किया गया है । कार्यक्रम के समापन पर महाआरती की गई व महाप्रसादी का आयोजन किया गया । जिसमें आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े।

### टीबी हॉस्पिटल में मरीजों को मिलेगी राहतः श्री महावीर युवक मंडल सेवा संस्थान ने भेंट किए दो कूलर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



भीषण गर्मी के बीच मरीजों एवं उनके परिजनों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से श्री महावीर युवक मंडल सेवा संस्थान, भीलवाड़ा द्वारा टीबी हॉस्पिटल, माणिक्य नगर चौराहा में दो कूलर भेंट किए गए। यह सेवा कार्य जितेंद्र मेहता एवं शेरू मेहता के सहयोग से सम्पन्न हुआ।

संस्थान के अध्यक्ष मनीष कोठारी, मंत्री हुक्मीचंद खटोड़ ने बताया कि संस्था हमेशा सेवा एवं जनकल्याण के कार्यों में अग्रणी रही है। गर्मी के मौसम में अस्पताल में भर्ती मरीजों को राहत मिल सके, इसी भावना के साथ यह सहयोग प्रदान किया गया। समाज के जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए मंडल निरंतर कार्यरत है और आगे भी ऐसे जनहितकारी कार्य जारी रहेंगे।

मनीष बम्ब ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और संस्था भविष्य में भी इसी प्रकार सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्य करती रहेगी।

कार्यक्रम में सहमंत्री अरुण डांगी, शेरू मेहता, अर्पित चौधरी, दिलीप संचेती एवं नितिन चोरड़िया सहित संस्थान के कई सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान टीबी हॉस्पिटल के सभी डॉक्टर एवं समस्त स्टाफगण भी मौजूद रहे।

चिकित्सालय प्रशासन ने श्री महावीर युवक मंडल सेवा संस्थान एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कूलर लगने से मरीजों एवं उनके परिजनों को गर्मी से राहत मिलेगी।

### गौ सेवा से गूंजा श्री कृष्ण गोशाला परिसर, राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद का सेवा भाव बना प्रेरणा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद, भीलवाड़ा द्वारा संचालित जीव दया प्रोजेक्ट के अंतर्गत आज श्री कृष्ण गोशाला, हरणी महादेव रोड पर भव्य एवं सेवा भाव से ओत-प्रोत गौ सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में परिषद पदाधिकारियों ने सहभागिता निभाकर गौमाता की सेवा की तथा जीवों के प्रति संवेदनशीलता का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य सहयोगकर्ता पारसमल, श्रीमती मंजूलता, एवं यश जैन रहे। कार्यक्रम संयोजक अभिषेक, नेहा पोखरना ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान गौमाता को हरा चारा, गुड़, एवं अन्य पौष्टिक सामग्री खिलाकर सेवा की गई। उपस्थित सभी जनों ने गौ सेवा को भारतीय संस्कृति एवं मानवता का महत्वपूर्ण आधार बताते हुए नियमित रूप से जीव दया कार्यों से जुड़ने का संकल्प लिया। परिषद के जिलाध्यक्ष मनीष बम्ब, मार्गदर्शक सीए महावीर गांधी ने कहा कि भीषण गर्मी के दौर में गौवंश एवं अन्य जीवों की सेवा करना प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक दायित्व है। जीव दया प्रोजेक्ट के माध्यम से परिषद लगातार गौ सेवा, पक्षियों हेतु परिंडे, पानी की टंकियों का वितरण एवं अन्य सेवा कार्य संचालित कर रही है। परिषद का उद्देश्य समाज में जीवों के प्रति करुणा, संवेदना एवं सेवा भाव को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय एवं सेवा भावना से परिपूर्ण रहा। गौशाला परिसर में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने गौमाता की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान महिला मंडल की मंत्री सुनीता गांधी, जिला उपाध्यक्ष ललित बोहरा, हुकमीचंद खटोड़, महामंत्री ललित मधु लोढ़ा, जिला सचिव कमल वैशनानी ज्ञानचंद पगारिया आदि उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।